आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 16.08.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में इस वर्ष 11 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार के लिए लगातार कार्य कर रही है।
- चम्पावत जिले के माँ बाराही धाम देवीधुरा में विश्व प्रसिद्ध बग्वाल मेला आज से शुरू हुआ।
- भारतीय चिकित्सा संघ ने कल देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा की।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में 20 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी।

**नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार के लिए लगातार कार्य कर रही है। आज देहरादून में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए श्री धामी ने कहा कि राज्य में सहायक अध्यापकों के 2 हजार 906 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से आह्वान किया कि वे राज्य के हर कोने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नकल विरोधी कानून के प्रावधान इतने सख्त किए गए हैं कि अब कोई भी नकल माफिया राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाएगा। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि इस वर्ष 11 हजार शिक्षकों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से 5 साल दुर्गम क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने को कहा। डॉक्टर रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्थानीय भाषाओं में पुस्तक भी छपी हैं। कार्यक्रम में 221 चयनित सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

**बगवाल मेला**

चम्पावत जिले के माँ बाराही धाम देवीधुरा में विश्व प्रसिद्ध बग्वाल मेला आज से शुरू हो गया है। मेले का शुभांरभ करते हुए केंद्रीय सड़क और परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि माँ बाराही धाम पूरी दुनिया का अकेला क्रीड़ा धाम है। 19 अगस्त को रक्षाबन्धन के अवसर पर चार खाम सात थोक के बीच बग्वाल खेली जाएगी। मेले का समापन 25 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होगा। पत्रकारों से बातचीत में श्री टम्टा ने कहा कि प्रदेश के सभी राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है।

**आदर्श जिला**

चंपावत को आदर्श जिला बनाए जाने की परिकल्पना को सार्थक करने के लिये जिले में विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडे के नेतृत्व में पहली बार राजकीय विद्यालयों के छात्रों को घर से विद्यालय और विद्यालय से घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन वाहनों के माध्यम से 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलने वाले बच्चों का समय बचेगा। पैदल दूरी के कारण जो बच्चे विशेषकर लड़कियां कक्षा 8वीं और 10वीं के बाद विद्यालय छोड़ देते थे, वे भी अब अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे। साथ ही विद्यालय दूर होने और पैदल चलने के कारण जो बच्चे अध्ययन के लिये अन्य स्थान पर पलायन कर जाते हैं, वे पलायन नहीं करेंगे, जिससे पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी।

**सीएम सशक्त बहना उत्सव योजना**

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना प्रदेश की मातृ शक्ति को सशक्त बनाने में वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत प्रदेश के 95 ब्लॉकों में उत्पादों की बिक्री की जा रही है। योजना के माध्यम से लगभग 37 हजार से अधिक महिलाएं लाभ ले रही हैं। बीते एक वर्ष में महिला स्वयं सहायता समूहों ने पूरे प्रदेश में तीन करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया है। गौरतलब है कि 24 अगस्त, 2023 को रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस योजना की शुरुआत की थी। योजना का लक्ष्य महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध करना था। इसके लिए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाती है। साथ ही उत्पादों के विपणन की व्यवस्था भी की जाती है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय**

भारतीय चिकित्सा संघ ने कल सुबह छह बजे से अगले 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख का अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि हाल ही में यह देखा गया है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा करना आम बात हो गई है और कई स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ता है।

**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी**

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित उनकी समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि बैंकों को केन्द्र व राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अधिकाधिक प्रतिभागिता करनी चाहिए। जिससे राज्य के अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने आज देहरादून में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन किया। इस अवसर पर श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की उत्कृष्टता और ग्राहक सन्तुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण उद्यम के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने और मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित करने में बैंक का प्रयास सहायक रहा है।

**आंगनबाड़ी केंद्र**

राज्य सरकार की बाल पोषण योजना के तहत ऋषिकेश के बनखंडी में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए पोषक आहार और उनके संज्ञानात्मक विकास के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कामकाजी महिलाओं को अपने बच्चों की उचित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करते है।

**केदारघाटी निरीक्षण**

रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी और चारधाम यात्रा सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने केदारघाटी में भारी बारिश के बाद क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग तक पैदल भ्रमण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डॉक्टर कुमार ने बताया कि केदारघाटी में कई अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया गया है, जहां भविष्य में भूस्खलन से मार्ग क्षतिग्रस्त होने की अधिक संभावनाएं हैं।

**जिलाधिकारी**

हरिद्वार स्थित खड़खड़ी श्मशान घाट में विद्युत शव दाह गृह संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने संबंधित अधिकारियों को घाट के निरीक्षण के दौरान ये निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जल्द कार्य योजना बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत शव दाह गृह संचालित होने से प्रतिदिन 1 सौ 35 कुन्तल लकड़ी की बचत होगी। साथ ही शव दाह कम समय और कम लागत में आसानी से किया जा सकेगा। ये विधि पर्यावारणीय दृष्टिकोण से भी अनुकूल है।

**आकाशवाणी समाचार**

समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी समाचार से प्रसारित होने वाला दोपहर 12 बजकर 05 मिनट का हिन्दी बुलेटिन अब 18 अगस्त से दोपहर 12 बजे से प्रसारित होगा। उसके बाद अंग्रेजी समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा।

**मौसम**

राजधानी देहरादून में दोपहर के समय झमाझम बारिश हुई, जबकि राज्य में कहीं–कहीं बादल छाए हुए हैं। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में 20 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग का कहना है कि इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। उधर, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन के चलते 100 से अधिक अवरूद्ध मोटर मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं।